कुल प्रश्नों की संख्या : 23
Total No. of Questions: 23

कुल पृष्ठों की संख्या : 07
Total No. of Pages: 07

# हायर सेकेण्डरी परीक्षा, जून – 2023

# 051

## विषय : हिन्दी

## Subject: HINDI

समय : 03 घण्टे
Time: 03 Hours

पूर्णांक : 80
Maximum Marks: 80

***निर्देश :–***

*(i) सभी प्रश्न करना अनिवार्य हैं।*

*(ii) प्रश्न क्र. 01 से 05 तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं। जिनके लिए 1X32=32 अंक निर्धारित है।*

*(iii) प्रश्न क्र. 06 से 15 तक प्रत्येक प्रश्न 2 अंक का हैं। शब्द सीमा लगभग 30 शब्द है।*

*(iv) प्रश्न क्र. 16 से 19 तक प्रत्येक प्रश्न 3 अंक का हैं। शब्द सीमा लगभग 75 शब्द है।*

*(v) प्रश्न क्र. 20 से 23 तक प्रत्येक प्रश्न 4 अंक का हैं। शब्द सीमा लगभग 120 शब्द है।*

*(vi) प्रश्न क्र. 06 से 23 तक सभी प्रश्नों के आंतरिक विकल्प दिए गए हैं।*

mpcareer.in

प्र.1 सही विकल्प का चयनकर लिखिए – (6×1=6)

(i) 'पतंग' कविता के रचनाकार है –

(अ) हरिवंशराय बच्चन (ब) आलोक धन्वा

(स) रघुवीर सहाय (द) शमशेर बहादुर सिंह

(ii) जुगुप्सा किस रस का स्थायी भाव है?

(अ) वीभत्स रस का (ब) अद्भुत रस का

(स) हास्य रस का (द) करुण रस का

(iii) 'बाजार दर्शन' पाठ की विधा है –

(अ) कहानी (ब) नाटक

(स) यात्रावृतांत (द) निबन्ध

(iv) 'वह अच्छा खेला परन्तु हार गया' ये वाक्य है –

(अ) संयुक्त वाक्य (ब) नकारात्मक वाक्य

(स) सरल वाक्य (द) प्रश्नवाचक वाक्य

(v) मराठी भाषा में लिखी गई कहानी 'जूझ' का हिन्दी अनुवाद किया –

(अ) श्याम मनोहर जोशी ने (ब) ओम थानवी ने

(स) केशव प्रथम वीर ने (द) ऐन फ्रेंक ने

(vi) संवाददाताओं के बीच काम का विभाजन कहलाता है –

(अ) लाइव (ब) बीट

(स) बाइट (द) रिपोर्टिंग

प्र.2 रिक्त स्थान में सही शब्द का चयनकर लिखिए – (7×1=7)

(i) बिना मुरझाए महकने के माने .................................... क्या जाने।
(फूल / कविता / पेड़)

(ii) हिन्दी पद्य साहित्य का तीसरा काल .................................... है।
(रीतिकाल / भक्तिकाल / आधुनिक काल)

(iii) शब्द शक्ति के .................................... प्रकार है।
(दो / तीन / चार)

(iv) भक्तिन का वास्तविक नाम .................................... था।
(मीरा / लछमिन / सरस्वती)

(v) वह शब्द जो क्षेत्र विशेष में बोले जाते हैं .................................... शब्द कहलाते हैं।
(तकनीकी / क्षेत्रीय / निपात)

(vi) यशोधर बाबू मूल रूप से .................................... के रहने वाले थे।
(गोरखपुर / कुमाऊँ / दतिया)

(vii) एक सफल साक्षात्कारकर्ता में ....................................होना चाहिए।
(सुन्दरता / बनावटीपन / पर्याप्त ज्ञान)



mpcareer.in

प्र.3 सही जोड़ी बनाकर लिखिए – (6X1=6)

| स्तम्भ (अ) | | स्तम्भ (ब) | |
|---|---|---|---|
| (i) | बादल राग | (क) | सांगरूपक अलंकार |
| (ii) | उपमेय की उपमान से श्रेष्ठता | (ख) | डॉ. आनंद यादव |
| (iii) | 'शिरीष के फूल' | (ग) | सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला' |
| (iv) | प्रश्नबोधक निपात शब्द | (घ) | बैक ग्राउंडर |
| (v) | 'जूझ' | (ङ) | भी, तक |
| (vi) | विशेष रिपोर्ट का प्रकार | (च) | हजारी प्रसाद द्विवेदी |
| | | (छ) | क्या, कब |
| | | (ज) | व्यतिरेक अलंकार |

प्र.4 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए – (7X1=7)

(i) 'बादल राग' कविता में विप्लव का वीर किसे कहा गया है?

(ii) जिस काव्य में पूर्वापर संबंध हो उसे क्या कहते हैं?

(iii) हिन्दी गद्य का जनक किसे कहा जाता है?

(iv) 'पहलवान की ढोलक' पाठ के मुख्य पात्र का नाम लिखिए।

(v) वे शब्द जो क्रिया की विशेषता प्रकट करते उन्हें क्या कहते हैं?

(vi) मुअनजो–दड़ो नगर कितने हजार साल पुराना है?

(vii) कौन–सा स्तम्भ जनमत को प्रतिबिंबित करता है?

प्र.5 सत्य/असत्य कथन लिखिए – (6X1=6)

(i) सूर्योदय होने पर उषा का जादू टूटता है।

(ii) "अँखियाँ हरि दर्शन की प्यासी" पंक्ति में वियोग श्रृंगार रस है।

(iii) शिरीष के वृक्ष काँटेदार होते हैं।

(iv) 'गुरुत्वाकर्षण' निघात शब्द है।

(v) 'जूझ' कहानी गोदान उपन्यास का अंश नहीं है।

(vi) उल्टा पिरामिड शैली को तीन भागों में बाँटा गया है।

प्र.6 प्रगतिवाद की कोई दो विशेषताएँ/प्रवृतियाँ लिखिए। (2)

**अथवा**

नई कविता की कोई दो विशेषताएँ/प्रवृतियाँ लिखिए।



mpcareer.in

प्र.7 'शीतल वाणी में आग' के होने से क्या आशय है? लिखिए। (2)

**अथवा**

'भाषा को सहूलियत' से बरतने से क्या अभिप्राय है?

प्र.8 पाठय मुक्तक और गेय मुक्तक में कोई दो अंतर लिखिए। (2)

**अथवा**

शब्द गुण किसे कहते हैं? इसके प्रकार लिखिए।

प्र.9 सोरठा छंद की परिभाषा लिखिए। (2)

**अथवा**

भ्रांतिमान अलंकार की परिभाषा लिखिए।

प्र.10 रेखाचित्र और संस्मरण मे कोई–दो अंतर लिखिए। (2)

https://www.mpboardonline.com **अथवा**

निबन्ध किसे कहते हैं? किसी एक निबधकार का नाम लिखिए।

प्र.11 भक्तिन के आ जाने से महादेवी वर्मा अधिक देहाती कैसे हो गई? (2)

**अथवा**

बाज़ार का जादू चढने और उतरने पर मनुष्य पर क्या–क्या प्रभाव पड़ता है?

प्र.12 अर्थ की दृष्टि से वाक्य के प्रकार के नाम लिखिए। (2)

**अथवा**

निपात शब्द किसे कहते हैं? उदाहरण सहित लिखिए।

प्र.13 मुहावरे एवं लोकोक्ति में कोई दो अंतर लिखिए। (2)

**अथवा**

राष्ट्रभाषा एवं राजभाषा में कोई दो अंतर लिखिए।

प्र.14 'जूझ' कहानी के शीर्षक की सार्थकता को स्पष्ट कर लिखिए। (2)

**अथवा**

सिंधु–सभ्यता साधन–संपन्न थी, पर उसमें भव्यता का आडम्बर नहीं था, कैसे? लिखिए।

प्र.15 फीचर क्या होता है? लिखिए। (2)

**अथवा**

कहानी लेखन का उद्देश्य लिखिए।

mpcareer.in

प्र.16 सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला' **अथवा** कुँवर नारायण की काव्यगत विशेषताएँ निम्नलिखित बिन्दुओं के आधार पर लिखिए – **(3)**

(i) दो रचनाएँ

(ii) भावपक्ष-कलापक्ष

(iii) साहित्य में स्थान

प्र.17 महादेवी वर्मा **अथवा** हजारी प्रसाद द्विवेदी की साहित्यिक विशेषताएँ निम्नलिखित बिन्दुओं के आधार पर लिखिए – **(3)**

(i) दो रचनाएँ

(ii) भाषा–शैली

(iii) साहित्य में स्थान

प्र.18 भाव पल्लवन कीजिए – 'पुस्तकें सच्ची मित्र होती हैं।' **(3)**

**<u>अथवा</u>**

महँगाई की समस्या पर दो महिलाओं के मध्य संवाद लिखिए।

प्र.19 निम्नलिखित अपठित काव्यांश/गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए – **(3)**

आ रही हिमालय से पुकार,

है उदधि गरजता बार–बार,

प्राची, पश्चिम, भू–नभ अपार,

सब पूछ रहे हैं दिग्–दिगंत,

वीरों का कैसा हो वसंत?

प्रश्न –

(i) उपर्युक्त काव्यांश का उचित शीर्षक लिखिए।

(ii) उदधि का एक पर्यावाची लिखिए।

(iii) उपर्युक्त काव्यांश में कौन–सा रस है?

mpcareer.in

## अथवा

मानव जीवन की अनुभूतियों को स्पष्टता और सहजता से लोक साहित्य में प्राप्त किया जाता है। लोक साहित्य अंचल विशेष में रचा गया साहित्य है। यह अंचल विशेष व भूखंड होता है जो एक सांस्कृतिक इकाई के रूप में विकसित होकर अपनी बोली और अपने जीवन–पद्धति को अपनी लोकपरक चेतना में ढालता है। लोक साहित्य की रचना आदि काल से ही मनुष्य अपनी वाणी के माध्यम से करता रहा है। अपने घुमंतू जीवन से लेकर ग्राम परिवेश तक मनुष्य ने लोक साहित्य को अपने लोक–अभिव्यक्ति में समेटा है। प्रारंभिक लोक साहित्य आदिम मनुष्य की जीवन–चर्या का अंग था। इस साहित्य में प्रकृति से संबंधित उक्तियों की अधिकता है।

प्रश्न –

(i) उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए।

(ii) लोकसाहित्य की रचना मनुष्य किस प्रकार करता है?

(iii) उपर्युक्त गद्यांश का सारांश लिखिए।

प्र.20 निम्नलिखित काव्यांश का संदर्भ–प्रसंग सहित भावार्थ लिखिए। **(4)**

मैं जग–जीवन का भार लिए फिरता हूँ,<br>
फिर भी जीवन में प्यार लिए फिरता हूँ;<br>
कर दिया किसी ने झंकृत जिनको छूकर<br>
मैं साँसों के दो तार लिए फिरता हूँ!

## अथवा

छोटा मेरा खेत चौकोना<br>
कागज़ का एक पन्ना,<br>
कोई अंधड़ कहीं से आया<br>
क्षण का बीज वहाँ बोया गया।

प्र.21 निम्नलिखित गद्यांश की संदर्भ–प्रसंग सहित व्याख्या लिखिए – **(4)**

बाज़ार में एक जादू है। वह जादू आँख की राह काम करता है। वह रूप का जादू है पर जैसे चुम्बक का जादू लोहे पर ही चलता है, वैसे ही इस जादू की भी मर्यादा है। जेब भरी हो, और मन खाली हो, ऐसी हालत में जादू का असर खूब होता है। ज़ेब खाली पर मन भरा न हो, तो भी जादू चल जाएगा। मन खाली है तो बाज़ार की अनेकानेक चीजों का निमंत्रण उस तक पहूँच जाएगा। कहीं हुई उस वक्त जेब भरी तब तो फिर वह मन किसकी मानने वाला है! मालूम होता है यह भी लूँ, वह भी लूँ। सभी सामान जरूरी और आराम को बढ़ाने वाला मालूम होता है।



mpcareer.in

**अथवा**

जाड़े का दिन। अमावस्या की रात–ठंडी और काली। मलेरिया और हैज़े से पीड़ित गाँव भयार्त्त शिशु की तरह थर–थर काँप रहा था। पुरानी और उजड़ी बाँस–फूस की झोपड़ियों में अन्धकार और सन्नाटे का सम्मिलित साम्राज्य! अँधेरा और निस्तब्धता! अँधेरी रात चुपचाप आँसू बहा रही थी। निस्तब्धता करुण सिसकियों और आहों को बलपूर्वक अपने हृदय में ही दबाने की चेष्टा कर रही थी।

प्र.22 नगर पालिका अध्यक्ष को जल की अनियमित आपूर्ति के सम्बन्ध में आवेदन–पत्र लिखिए। (4)

**अथवा**

अपने बड़े भाई की शादी में आमंत्रित करने हेतु अपने मित्र को पत्र लिखिए।

प्र.23 निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर रूपरेखा सहित निबंध लिखिए – (4)

(i) विद्यार्थी जीवन में अनुशासन का महत्त्व

(ii) पर्यावरण प्रदूषण : कारण और निदान

(iii) स्वच्छ भारत अभियान

(iv) समाचार पत्रों की उपयोगिता

(v) भारतीय समाज तथा नारी का स्थान

---



mpcareer.in